

माया

गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर

माया माया तीन प्रकार की होती है। पहली है-मोह माया। बच्चों, धन-संपत्ति या किसी व्यक्ति के प्रति इतना अधिक मोह हो जाना कि मनुष्य अंधा-सा हो जाए, उसे मोह माया कहते हैं। जब व्यक्ति धन-संपत्ति के मोह से ग्रस्त हो जाता है, तो माता-पिता, मित्र और रिश्तेदार, सब कुछ अर्थहीन लगने लगता है। धन-संपत्ति की प्राप्ति के लिए अपने प्रियजनों पर मुकदमे तक कर दिए जाते हैं। यह मोह माया के दुष्परिणाम हैं। जिसके होने से सुख न मिले, लेकिन जिसके न होने से दुःख होने लगे, उसे मोह माया कहते हैं। दूसरी है - महा माया। महा माया का अर्थ है - प्रकृति का ऐसा आवरण, जिसके कारण हमें कुछ स्पष्ट दिखाई नहीं देता। हम एक प्रकार की जड़ता में बँध जाते हैं। कोई भाव नहीं रहता; मनुष्य मानो पत्थर के समान हो जाता है। इसे महा माया कहते हैं। तीसरी है - योग माया। यह एक अत्यंत सूक्ष्म और अद्भुत अवस्था है। निरंतर योग-साधना के फलस्वरूप साधक के भीतर कुछ शक्तियाँ जागृत हो जाती हैं। कई बार साधक को भविष्य में होने वाली घटनाओं की झलक मिलने लगती है। किन्तु यदि साधक भीतर से शुद्ध नहीं है और उसके भीतर अभी भी राग-द्वेष की भावना है, तो यह झलक पूर्णतः सत्य नहीं होती। अतः साधक को नकारात्मक भावनाओं से बचना चाहिए। ऐसा कई लोगों के साथ होता है - थोड़ा-बहुत प्राण और कुंडलिनी शक्ति जागृत हो जाए, फिर वे सबको आशीर्वाद देने लगते हैं। कुछ लोगों को उससे लाभ भी होने लगता है। योग मार्ग पर चलने वाले अनेक साधकों के साथ यह घटित होता है। किन्तु इसके साथ व्यक्ति की अपनी वासनाएँ और इच्छाएँ भी जुड़ जाती हैं। भीतर जो संस्कार और आकर्षण छिपे होते हैं, वे भी उसमें मिल जाते हैं। कुछ समय तक यह चलता है, परंतु बाद में कठिनाइयाँ उत्पन्न हो जाती हैं। ऐसे लोग योग माया में उलझ जाते हैं, क्योंकि उन्हें सही मार्गदर्शन देने वाला कोई नहीं होता। जब यह समझ आ जाती है, तब व्यक्ति सिद्धियों में नहीं फँसता। वह अपने भीतर स्थिर रहता है, ज्ञान में स्थित रहता है। तब स्वाभाविक रूप से उसके आशीर्वाद से लोगों का कल्याण होने लगता है।

भीतर जो संस्कार और आकर्षण छिपे होते हैं, वे भी उसमें मिल जाते हैं। कुछ समय तक यह चलता है, परंतु बाद में कठिनाइयाँ उत्पन्न हो जाती हैं। ऐसे लोग योग माया में उलझ जाते हैं, क्योंकि उन्हें सही मार्गदर्शन देने वाला कोई नहीं होता। जब यह समझ आ जाती है, तब व्यक्ति सिद्धियों में नहीं फँसता। वह अपने भीतर स्थिर रहता है, ज्ञान में स्थित रहता है। तब स्वाभाविक रूप से उसके आशीर्वाद से लोगों का कल्याण होने लगता है।

अब 'साइबर सेफ केरलम' से लगेगी लगाम

तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)। केरल में अब एआई के दुरुपयोग और साइबर हमलों पर शिकंजा कसा जाएगा. राज्य के गृह मंत्री रमेश चेन्निथला ने कहा कि राज्य सरकार एआई और साइबर दुनिया के बढ़ते दुरुपयोग की गंभीरता से जांच करेगी. राज्य पुलिस की साइबर सेफ केरलम पहल के जरिए जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा.



तिरुवनंतपुरम में विधानसभा के प्रश्नकाल में कांग्रेस विधायक वी एस जॉय के सवाल पर चेन्निथला ने कहा कि इस पहल का मकसद लोगों, समाज और संस्थानों में जिम्मेदार और टिकाऊ डिजिटल समाज तैयार करना है. उन्होंने एआई और साइबर दुनिया के दुरुपयोग को गंभीर समस्या बताया. उन्होंने कहा कि सरकार इसकी जांच कर ऐसे मुश्किलों से निपटने के कदम उठाएगी. डिजिटल मंचों का इस्तेमाल लोगों में दुश्मनी फैलाने और धार्मिक समुदायों के बीच टकराव पैदा करने के लिए भी बढ़ रहा है.

चेन्निथला ने कहा, साइबर दुनिया में लोग किसी के बारे में कुछ भी कह सकते हैं और लोगों या धर्मों के बीच दुश्मनी पैदा कर सकते हैं. इससे इसका दुरुपयोग लगातार बढ़ रहा है. साइबर सेफ केरलम योजना का मकसद इस समस्या से निपटना और लोगों के बीच जागरुकता बढ़ाना है. राज्य पुलिस की साइबर शाखा ने हाल में यह परियोजना शुरू की है और विशेषज्ञों से सलाह के बाद इसका विस्तार किया जाएगा.

समस्या पर बात करते हुए मंत्री ने माना कि साइबर उत्पीड़न और ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी समेत कई अपराध केरलम के साथ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक हैं. उन्होंने कहा, साइबर अपराध बढ़ रहे हैं. ऑनलाइन धोखाधड़ी, सोशल मीडिया का दुरुपयोग और बच्चों के खिलाफ ऑनलाइन अपराध राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ रहे हैं.

इसीलिए सरकार ने सत्ता में आने के तुरंत बाद साइबर सेफ केरलम पहल शुरू की. जागरूकता पैदा करना इन अपराधों और उनके दुरुपयोग को प्रभावी ढंग से रोकने का पहला कदम है. चेन्निथला ने कहा कि 100 प्रतिशत साक्षरता के बावजूद केरलम में डिजिटल खाई बनी है, जिससे बड़ी संख्या में लोग साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो रहे हैं.

स्काउट ने किया लव को नॉमिनेट काम्या पंजाबी ने कसा तंज



मुंबई (एजेंसी)। अभिनेत्री और बिग बॉस की पूर्व कंटेस्टेंट काम्या पंजाबी रियलिटी शो बिग बॉस 20 को काफी दिलचस्पी से देखती हैं। वह अक्सर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शो की घटनाओं, कंटेस्टेंट्स और उनके गेमप्ले को लेकर अपनी राय साझा करती रहती हैं। अपने हालिया ट्वीट में काम्या ने कंटेस्टेंट स्काउट पर तंज कसा। वीकेंड का वार एपिसोड में रोहित शेट्टी और स्काउट की गर्लफ्रेंड काशवी ने स्काउट से सवाल-जवाब किए थे। यह बातचीत स्काउट की लव गिल के साथ बढ़ती नजदीकियों को लेकर थी। बिग बॉस 20 के हालिया एपिसोड में एक नॉमिनेशन टास्क हुआ, जिसमें स्काउट ने लव गिल को नॉमिनेट कर दिया। जबकि स्काउट ने पहले दावा किया था कि वह लव को अपनी बहन मानते हैं। स्काउट के इस फैसले से लव काफी आहत हुई, वहीं बाकी कंटेस्टेंट्स भी हैरान रह गए क्योंकि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि स्काउट लव को नॉमिनेट करेंगे। स्काउट की तरफ से लव को नॉमिनेट किए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए, काम्या पंजाबी ने कहा कि ऐसे रिश्ते सिर्फ अपनी सुविधा के लिए बनाए जाते हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, बहन माना था ना ? मसाज खत्म तो रिश्ता भी खत्म ? नॉमिनेशन आते ही तू कौन और मैं कौन वाली स्थिति हो गई! सुविधाजनक रिश्ते का सुविधाजनक अंत।

हिंद-प्रशांत में शांति के लिए भारत और अमेरिका एकजुट

राजनाथ सिंह ने पीट हेगसेथ के साथ तय किया नया एक्शन प्लान

मनीला (एजेंसी)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत-अमेरिका के रक्षा संबंधों की समीक्षा करने और उन्हें आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए 28 अक्टूबर को अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के साथ वार्ता की. यह बैठक फिलीपीन के सेबू में एक बहुपक्षीय सम्मेलन से इतर हुई. सिंह और हेगसेथ 'आसियान डिफेंस मिनिस्टर्स मीटिंग प्लस' (एडीएमएम-प्लस) में शामिल होने के लिए सेबू में हैं.

'एडीएमएम-प्लस' 11 सदस्यीय आसियान (दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन) और उसके आठ संवाद साझेदारों ङ्क भारत, चीन, ऑस्ट्रेलिया, जापान, न्यूजीलैंड, दक्षिण कोरिया, रूस और अमेरिका का मंच है. सिंह और हेगसेथ के बीच हुई वार्ता में मुख्य रूप से द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर संभवत- ध्यान केंद्रित किया गया. यूएस-इंडिया मेजर डिफेंस पार्टनरशिप पर पिछले साल 31 अक्टूबर को राजनाथ सिंह और पीट हेगसेथ ने दस्तखत किए थे। भारत और अमेरिका के बीच हुआ ये सुरक्षा समझौता 10 सालों का है।



इससे पहले दोनों देशों के बीच 2005 से 2015 तक के लिए 10 वर्षों का सुरक्षा समझौता हुआ था और इसे नये समझौते से बदला गया।

यूएस डिपार्टमेंट ऑफ वार के मुताबिक ये समझौता क्वाड समूह के जरिए एक स्वतंत्र, खुले और नियमों पर आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र, समुद्री सुरक्षा और सहयोग को बढ़ावा देता है। इस समझौते के तहत दोनों देश डिफेंस टेक्नोलॉजी और टेक्नोलॉजी के को-प्रोडक्शन के लिए तैयार हए थे। इसके लिए पहलों के माध्यम से मिलिट्री हार्डवेयर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटेलिजेंस, निगरानी और टोही और गोला बारूद को साथ मिलकर बनाने और उत्पादन करने के लिए समझौता किया गया था। फिलीपींस में अमेरिकी रक्षा मंत्री से मुलाकात के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा 13वीं ष्ठस्रू-प्लस के दौरान अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ के साथ एक बेहतरीन बैठक हुई ।% उन्होंने आगे लिखा %हमने भारत-अमेरिका के 10-वर्षीय डिफेंस फ्रेमवर्क की प्रगति की समीक्षा की जो मिलिट्री टेक्नोलॉजी, सूचना साझा करने और संयुक्त उत्पादन के क्षेत्रों में रणनीतिक तालमेल को बढ़ावा दे रहा है। हमारी मजबूत साझेदारी एक स्वतंत्र, खुले और सुरक्षित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए एक आधारस्तंभ बनी हुई है।

राहुल गांधी का जामिया दौरा रद्द

नयी दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली की जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी में छात्र संघ चुनाव कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन जारी है. लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आज दोपहर 2 बजे भूख हड़ताल कर रहे छात्रों से मुलाकात करने के लिए जामिया जाने वाले थे. छात्र मुख्य रूप से जामिया मिलिया इस्लामिया छात्र संघ को तत्काल बहाल करने की मांग कर रहे हैं.

प्रदर्शनकारी छात्रों से मुलाकात करने जाने वाले थे एलओपी

हालांकि, अब उन्होंने अपने दौरे का यह प्लान रद्द कर दिया है.

छात्रों के मुताबिक, छात्र संघ 18 साल से भी ज्यादा समय से बंद या निलंबित है. इसकी वजह से छात्रों के पास अपनी समस्याएं उठाने, गतिविधियां आयोजित करने और विश्वविद्यालय प्रशासन के सामने अपनी बात रखने के लिए लोकतांत्रिक रूप से चुना गया प्रतिनिधि मंच नहीं है. प्रदर्शन की ताजा लहर यूनिवर्सिटी की तरफ से छात्र संघ के नए संविधान का मसौदा तैयार करने के फैसले के बाद शुरू हुई. छात्रों का कहना है कि प्रशासन ने नए संविधान को मंजूरी मिलने के 15 दिन बाद चुनाव कराने की बात कही है, लेकिन चुनाव की तारीख को लेकर कोई स्पष्ट और बाध्यकारी समयसीमा नहीं दी गई है.

छात्रों को आशंका है कि इस प्रावधान के जरिए चुनाव को अनिश्चित समय तक टाला जा सकता है. वे चाहते हैं कि प्रशासन चुनाव का स्पष्ट और पारदर्शी कार्यक्रम घोषित करे, ताकि मतदान की प्रक्रिया समय पर पूरी हो सके. छात्रों का विरोध यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से छात्र कार्यकर्ताओं के खिलाफ की गई अनुशासनात्मक कार्रवाई को लेकर भी तेज हुआ है. प्रदर्शनकारी छात्र नेताओं को जारी कारण बताओ नोटिस और उनके निलंबन वापस लेने की मांग कर रहे हैं. छात्रों का कहना है कि जब तक प्रशासन चुनाव की निश्चित समयसीमा तय नहीं करता और आंदोलन में शामिल छात्रों को कार्रवाई से सुरक्षा देने की गारंटी नहीं देता, तब तक भूख हड़ताल खत्म नहीं की जाएगी.

दिल्ली की सीएम ने 51 नवविवाहित बेटियों को दी 1-1 लाख की चेक

नयी दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने बुधवार को जनसेवा सदन में 51 नवविवाहित बेटियों को उनके प्रथम करवाचौथ पर 1-1 लाख रुपये की आर्थिक सहायता के चेक और करवाचौथ किट प्रदान की। लाडली फाउंडेशन द्वारा मार्च माह में इन सभी बेटियों का सामूहिक विवाह कराया गया था। उनके पहले करवाचौथ के अवसर पर आर्थिक सहायता और उपहार प्रदान करने की यह पहल बेटियों के जीवन में खुशियां बांटने के साथ उन्हें आर्थिक संबल देने का सराहनीय प्रयास है। मुख्यमंत्री ने सभी बेटियों को उनके प्रथम करवाचौथ की शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखी, समृद्ध और खुशहाल वैवाहिक जीवन की कामना की। उन्होंने बेटियों से संवाद किया, उनके परिवारों के बारे में अनुभव सुने।

करवाचौथ किट भी बांटी

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बेटियों को भरोसा दिलाया कि वे हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ी हैं। उन्होंने आत्मीयता से कहा कि किसी भी परेशानी या कठिन परिस्थिति में बेटियां घबराएं नहीं, बल्कि नि:संकोच अपनी बात साझा करें।

उन्होंने उन्हें अपनी बड़ी बहन का भरोसा देते हुए कहा कि वे अकेली नहीं



हैं और उनकी समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुना जाएगा। मुख्यमंत्री ने बेटियों को पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को पूरा करने, अपनी पहचान बनाने और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि बेटियों का सुख, सम्मान और आत्मनिर्भरता सर्वोपरि है तथा उन्हें हर परिस्थिति में सम्मान, सुरक्षा और सहयोग का एहसास होना चाहिए।

पहला करवाचौथ्ज हर बेटी के जीवन में यह अवसर बेहद खास होता है। आज मुख्यमंत्री जन सेवा सदन में ऐसी ही 51 बेटियों के पहले करवाचौथ की खुशियों में शामिल होने का सौभाग्य मिला। लाडली फाउंडेशन ने इसी वर्ष मार्च में इन बेटियों का सामूहिक विवाह कराया था और आज उनके पहले करवाचौथ को और भी यादगार बनाते हुए प्रत्येक बेटी को 1 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की।

आर्थिक सहायता से नयी शुरुआत को मिलेगा संबल

लाडली फाउंडेशन की ओर से मार्च माह में आयोजित सामूहिक विवाह के बाद अब प्रथम करवाचौथ पर 51 बेटियों को एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। साथ ही करवाचौथ किट देकर उनके इस विशेष अवसर को और यादगार बनाने का प्रयास किया गया। मुख्यमंत्री ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जरूरतमंद बेटियों के विवाह में सहयोग करने के साथ-साथ उनके जीवन के महत्वपूर्ण अवसरों पर भी उनके साथ खड़ा होना संवेदनशील और सराहनीय कार्य है।

दिल्ली में अवैध पटाखा फैक्ट्री का भंडाफोड़, 3 गिरफ्तार

नयी दिल्ली (एजेंसी)। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के गोकलपुरी इलाके में पुलिस ने अवैध पटाखे बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है. पुलिस ने मौके से



तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. जिनके कब्जे से 880 तैयार पटाखे, 600 अधबने पटाखे, 34 किलो संदिग्ध विस्फोटक पाउडर और पटाखे बनाने में इस्तेमाल होने वाली मशीनें बरामद की गई हैं.

पुलिस ने बताया रिहायशी इलाके में अवैध रूप से पटाखे बनाने और उनका भंडारण करने का काम किया जा रहा था, जिससे लोगों की जान-माल को गंभीर खतरा हो सकता था. थाना गोकलपुरी पुलिस को एक मकान में अवैध रूप से पटाखे बनाने की सूचना मिली थी. सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने गोकलपुर गांव की एक मकान की दूसरी मंजिल पर छापेमारी की. यहां तीन युवक मौजूद मिले, जो अवैध रूप से पटाखे बनाने और उनका भंडारण करने में शामिल थे. पुलिस ने जब उनसे पटाखे बनाने और रखने से संबंधित लाइसेंस या अनुमति मांगी, तो वे कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सके.

पुलिस के मुताबिक मौके से 34 किलो विस्फोटक पाउडर समेत भारी मात्रा में सामान बरामद किया.

छापेमारी के दौरान पुलिस ने पांच डिब्बों में रखे 880 तैयार कोल्ड पायरो पटाखे, 600 अधबने पटाखे और 34 किलो विस्फोटक पाउडर बरामद किया. इसके अलावा पटाखों के खाली खोल, भराई करने वाली एक मशीन, एक वजन मापने की मशीन और पैकेजिंग का सामान भी जब्त किया गया. पुलिस ने मौके से मोहम्मद गोस्वामी (29), अरमान (24) और समीर (21) को गिरफ्तार किया है. तीनों आरोपी उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के फर्रुखनगर के रहने वाले हैं.

इन्वेस्टमेंट और इंडस्ट्री का हब बन रहा यूपी

वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनेगा, योगी सरकार ने बताया अपना विजन

लखनऊ (एजेंसी)। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश निवेश, नवाचार और उद्योग के प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है। वर्ष 2017 के बाद प्रदेश में निवेश और औद्योगिक विकास को लेकर बड़ा बदलाव आया है। सीएम ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रदेशवासियों को सरकार की उपलब्धियों और निवेश को लेकर किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। सीएम योगी आदित्यनाथ ने पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में वैश्विक निवेश आकर्षित करने के लिए न तो स्पष्ट दृष्टि थी और न ही कोई ठोस कार्ययोजना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार ने इस स्थिति को बदला है। सरकार ने रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्र के साथ प्रदेश में निवेश और औद्योगिक विकास की नई कार्यसंस्कृति विकसित की है।

सीएम ने कहा कि बेहतर कानून-व्यवस्था, पारदर्शी नीतियों और निवेश के अनुकूल माहौल के कारण उत्तर प्रदेश में वैश्विक निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। इसी विश्वास को और मजबूत करने के लिए बुधवार को सिंगापुर के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक प्रस्तावित है। इसमें प्रदेश में निवेश की नई संभावनाओं, मौजूदा परियोजनाओं को गति देने और निवेश को धरातल पर उतारकर उत्पादन शुरू कराने जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। सीएम ने आगे कहा कि सरकार का संकल्प है कि हर निवेश से नया उद्योग, हर उद्योग से नया रोजगार और हर रोजगार से परिवारों में खुशहाली आए। इसी दिशा में उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। सरकार का जोर निवेश प्रस्तावों को वास्तविक औद्योगिक परियोजनाओं में बदलने और रोजगार के नए अवसर पैदा करने पर है।

आधा सेंटीमीटर से भी छोटे छेद से दूरबीन द्वारा फुल स्पाईन की हर तरह के ऑपरेशन के लिए पूर्वी भारत का पहला केन्द्र

- कोई चीरा नही
- बेहोशी की जरूरत नही
- कम खर्च / रियायती
- खून चढ़ाने की जरूरत नही
- दो घंटे में चलना, दर्द रहित
- अगले दिन छुट्टी

किंग्सवे मेडिकल सेन्टर, पटना
Mob. : 7033000109
(पी.जी. आई. चंडीगढ़ के डाक्टरों द्वारा संचालित)
देश व दुनिया के सर्वोच्च संस्थानों में कार्य अनुभव



डा. आनंद भूषण
MBBS (मणिपाल), MS ऑर्थो, राजस्थान (गोल्ड मेडल)
SRD (पी.जी.आई., चंडीगढ़)
किंग्स कॉलेज, लंदन, UK ● WWL हॉस्पीटल, राइटिंगटन, इंग्लैंड
हड्डी जोड़, नस, लिगामेंट एवं गठिया रोग विशेषज्ञ
स्पाईन एंडोस्कोपी व ज्वाइंट सर्जन (दूरबीन पद्धति)

स्पेन में दो हाई-स्पीड ट्रेनों की टक्कर में 46 की मौत

स्पेन (एजेंसी)। यूरोप के एक महत्वपूर्ण देश स्पेन से बुधवार को दिल दहला देने वाले हादसे की खबर सामने आई है। सामने आई जानकारी के अनुसार, मैड्रिड के दक्षिण क्षेत्र में दो



हाई स्पीड ट्रेनों की टक्कर हो गई जिससे बड़ी तबाही मची है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस हादसे में अब तक 46 लोगों की मौत की खबर सामने आई है। डराने वाली बात ये भी है कि इस हादसे में मृतकों का आंकड़ा और ज्यादा बढ़ सकता है। आइए जानते हैं कि इस हादसे के बारे में अब तक क्या जानकारी सामने आई है।

आपको बता दें कि ये हादसा मुख्य तौर पर स्पेन के टोलेडो के पास हुआ है। पहले क्षेत्रीय सरकार ने कहा था कि कम से कम 10 लोगों की मौत हो चुकी है। हालांकि, ये भी चेतावनी दी गई थी कि हो सकता है कि मृतकों की यह संख्या और ज्यादा बढ़ जाए। इसके कुछ देर बाद जानकारी सामने आई है कि मृतकों का आंकड़ा 46 तक चला गया है। क्षेत्रीय सरकार की प्रवक्ता ने मीडिया को बताया है कि हमें जो जानकारी मिल रही है, वह बिल्कुल भी अच्छी नहीं है। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने इस दर्दनाक रेल हादसे को लेकर दुख जताया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह इस हादसे के बारे में जानकारी मिलने के बाद शॉक में हैं। उन्होंने अपने आधिकारिक हैंडल पर कहा- टोलेडो में हुए इस गंभीर ट्रेन हादसे से मैं स्तब्ध हूं।

एआई से नकली शराब बनाने का तरीका सीखा

पुरानी बोतलों में भरकर बेची, संदिग्ध परिस्थितियों मे 13 की मौत, आठ आरोपी पुलिस रिमांड पर, दो जेल भेजे गये

देवास (एजेंसी)। मध्य प्रदेश के देवास जिले में 13 लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी. अब इस मामले में पुलिस ने नकली शराब बनाने और सप्लाई करने वाले नेटवर्क का खुलासा किया है. पुलिस का कहना है कि मुख्य आरोपी अजय राठौर नेएआई की मदद से नकली शराब बनाने का तरीका सीखा. इसके बाद इंदौर के दवा बाजार से केमिकल मंगवाया और पुरानी बोतलों में केमिकल व पानी मिलाकर नकली शराब तैयार की.

इस मामले में अब तक 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. इनमें से आठ आरोपियों को कोर्ट से तीन दिन की पुलिस रिमांड मिली है, जबकि दो आरोपियों को जेल भेज दिया गया है. हालांकि, गांवों में हुई मौतों की असली वजह अभी स्पष्ट नहीं हुई है. पुलिस ने मृतकों के विसरा और शराब की बोतलों समेत दूसरे साक्ष्य फॉरेंसिक जांच के लिए भेजे हैं.

पुलिस की जांच के मुताबिक, मुख्य आरोपी अजय राठौर न एआई की मदद से नकली शराब बनाने का तरीका खोजा. इसके बाद उसने इंदौर के दवा बाजार से केमिकल मंगवाया. आरोप है कि कबाड़ियों से खरीदी गई पुरानी शराब की बोतलों में केमिकल और पानी मिलाकर नकली शराब तैयार की गई. जांच में यह भी सामने आया कि नकली शराब को अलग से बेचने के बजाय लाइसेंसी शराब की दुकानों से जुड़ी सप्लाई में मिलाने की कोशिश की गई. असली शराब की पेटियों में नकली शराब की बोतलें मिलाकर गांवों तक पहुंचाई गईं. पुलिस की जांच के मुताबिक, 2 अक्टूबर से 6-7 अक्टूबर के बीच नकली शराब तैयार की गई. इसके बाद 7 से 12 अक्टूबर के बीच इसकी बिक्री किए जाने का आरोप है. पुलिस का दावा है कि इसी नेटवर्क के जरिए



शराब की बोतलें गांवों तक पहुंचीं. मामले में अब तक 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि दो अन्य आरोपियों की तलाश जारी है.

पुलिस ने केमिकल सप्लाई करने से जुड़े इंदौर के दवा बाजार में स्थित एक गोदाम को भी सील किया है. यह गोदाम बाजार की चौथी मंजिल पर बताया गया है. जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि केमिकल कहां से खरीदा गया, उसे किसने सप्लाई किया और नकली शराब बनाने व बांटने में कौन-कौन शामिल था. मामले की जांच कर रही सिटी कोतवाली पुलिस को आठ आरोपियों का तीन दिन का पुलिस रिमांड मिला है. वहीं, दो आरोपियों को जेल भेज दिया गया है. पुलिस इन आरोपियों से पूछताछ कर नेटवर्क के दूसरे सदस्यों और शराब की सप्लाई से जुड़े लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है. पुलिस के सामने यह पता लगाने की चुनौती भी है कि नकली शराब किन-किन दुकानों और गांवों तक पहुंची. साथ ही यह जांच भी जरूरी है कि क्या सभी संदिग्ध मौतों का संबंध इसी शराब से था. चंदाना और बिंजाना गांवों में हुई मौतों की जांच के लिए उज्जैन संभागायुक्त ने एक समिति गठित की है.

अब आपके शहर पटना में राम मनोहर लोहिया हास्पीटल, नई दिल्ली के 25 वर्षो के अनुभवी प्रख्यात हदय रोग विशेषज्ञ डॉ0 ए0 के ठाकुर उपलब्ध है।

HEALTHY HEART CLINIC
Dr. A. K. THAKUR
MD, DM, CARDIO (Gold Medalist)
PGI, RML Hospital, New Delhi
Visiting Consultant at
Asian City Hospital, Patna



ECG, ECHO, HOLTER, TMT, ABPM, ILR, ANGIOGRAPHY, ANGIOPLASTY, PACEMAKER ICD, CRTD इत्यादि की सुविधा उपलब्ध है।
आयुष्मान भारत योजना, मुख्यमंत्री राहत योजना एवं TPA / इंश्योरेंस से कैशलेस इलाज की व्यवस्था
Adult Vaccination Available
एम 2/36, श्रीकृष्णापुरी, मिश्रा फार्मा के बगल में, कृष्णा अपाटमेंट के सामने, बोरिंग रोड, पटना
7061824674, 7250257778